to studies on the existing levels of pollution, collection of meteorological data etc., collating and analysing information available world-wide with special reference to monuments of stone and marble, and recommending measures to be adopted by the IOC.

3. It will thus be seen that Government are seized of the problem and are taking suitable action not only to reduce the emission of pollutants from the refinery, but also to treat the effluents in such a way that the pollutants do not adversely affect the historical monuments at Agra in particular, and the environment in general. The several investigations and studies now underway will enable the IOC to take all necessary steps to achieve this aim.

राज्य सरकारों द्वारा दहेज सम्बन्धी नियमों में संशोधन

1151. **श्री पन्नालाल बारुपाल :** क्या **विधि, न्याय और कम्पनी कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि किन-किन राज्यों ने अपने दहेज सम्बन्धी नियमों में संशोधन किये हैं और अब तक उनके क्या परिणाम निकले हैं ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री (डा० बी० ए० सैयद मुहम्मद): बिहार, उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल राज्यों में दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 को लागू करने के लिए उसमें हाल ही में सम्बद्ध राज्यों द्वारा संशोधन किए गए हैं। हरियाणा राज्य विधान मण्डल ने भी इस अधिनियम के उपबन्धों को निरसित करने और कुछ उपान्तरों सहित उनको पुनः अधिनियमित करने के लिए एक विधेयक पारित किया है। इन संशोधनों के परिणाम अभी इतनी जल्दी निर्धारित नहीं किए जा सकते हैं।

कोयला चुराने पर पकड़े गए व्यक्ति

1152. **श्री पन्ना लाल बारुपाल :** क्या **रेल मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि : 1972, 1973, 1974 और 1975 में रेलवे विभाग ने कोयला चुराने वाले कितने व्यक्तियों को पकड़ा और उन्हें क्या सजा दी गई ?

रेल मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बूटा सिंह) : रेलों द्वारा 1972 से 1975 के वर्षों में कोयला चुराते हुए पकड़े गये व्यक्तियों के वर्षवार आंकड़े नीचे दिये गये हैं :—

वर्ष	पकड़े गये व्यक्तियों की संख्या
1972 . .	6937
1973 . .	7576
1974 . .	7940
1975 . .	12537

प्रत्येक मामले में उपलब्ध साक्ष्य के अनुसार पकड़े गये व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया गया या उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गयी।

झांसी में बन्द की गई यात्री गाड़ियाँ

1153. **श्री नाथूराम अहिरवार :** क्या रेल मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या साबरमती अहमदाबाद-लखनऊ एक्सप्रेस गाड़ी के चलने से झांसी से चलने वाली कौन-कौन सी यात्री गाड़ियां बन्द की गई हैं; और

(ख) साबरमती एक्सप्रेस गाड़ी में कितने यात्री डिब्बे लगाए जाते हैं ?

रेल मन्त्रालय में उपमन्त्री (श्री बूटा सिंह): (क) और (ख). इस मार्ग पर लाइन क्षमता की तंगी के कारण कई वर्तमान गाड़ियों, जिनमें 51/52 झांसी भोपाल सवारी गाड़ियां और झांसी से चलने वाली 107/108